Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं



वर्ष-२६ अंक-०५ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १-१५ मार्च २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

## रेल यात्रियों को मिलेगी अब ट्रेन चार्ट और खाली बर्थों की जानकारी

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल तथा कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेन चार्ट और खाली बर्थों की जानकारी के लिए नई सुविधा को लांच किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी. के. यादव, रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैफिक) गिरीश पिल्लई, अन्य बोर्ड सदस्य तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यात्री आरक्षण चार्ट के आधार पर ट्रेन में उपलब्ध खाली बर्थों की जानकारी आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध होगी। इससे यात्रियों को चार्ट तैयार होने के बाद खाली बर्थों की जानकारी मिलेगी। यात्री ट्रेन प्रारंभ होने के स्टेशन के साथ- साथ यात्रा के दौरान आने वाले स्टेशनों के खाली बर्थों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। खाली बर्थ की जानकारी का उपयोग यात्री ऑनलाइन या टीटीई से टिकट बुकिंग के लिए कर सकते है यह सुविधा वेबसाइट और मोबाइल दोनों पर उपलब्ध है। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैफिक) गिरीश पिल्लई ने कहा कि इस प्रयास का लक्ष्य आरक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। यात्री दूसरा चार्ट बनने के बाद भी उपलब्ध खाली बर्थों की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**Enabling India's Knowledge Economy**

RailTel Corporation of India Ltd., a Miniratna PSU under Ministry of Railways, is a premiere telecom infrastructure provider having expertise of over 18 years in providing end to end project delivery in the field of IT, Telecom and ICT System Integration.




**RailTel Corporation of India Ltd.** (A Govt. of India Enterprise)
Corporate Office: Plot No. 143, Sector- 44, Gurgaon-122003, Harayana
Tel:+91-124-2714000 | Fax: +91-124-4236084 | CIN no: U64202DL2000GOI107905

## स्वच्छता के लिये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा ६६४ यात्री कोचों में ३५६७ बायो-टॉयलेट की सुविधा प्रदान की गयी




रे.स.ब्यू./ संवा. विलासपुर। स्वच्छता अभियान के मदद्देनजर रेलवे का हमेशा से प्रयास रहा है कि स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, गाडी, यहाँ तक की रेलवे ट्रैक भी साफ सुथरा रहे। खुले शौलयों के उपयोग से ट्रैक अक्सर गन्दा हो जाया करता था, यहाँ तक कि हमारे पांइंटस गंदे होकर परिचालन को भी प्रभावित करते है।

ऐसी परेशानी से निजात पाने के लिए भारतीय रेलवे एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने एक साथ मिलकर बॉयो-टायलेट का विकास किया है। यह बॉयो-टायलेट पर्यावरण के अनुकुल है इसमें मानव अवषिष्ट ६ से ८ घंटे में हानि रहित पानी और गैस में तब्दील होकर वातावरण में मिल जाता है। इसमें सीधे टैंक से डिस्चार्ज नही होता है। जिससे स्टेशन एवं पटरी के आस पास स्वच्छता बनाये रखने में आसानी होती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा ६६४ यात्री कोचों में ३५६७ बायो-टैंक सफलता पूर्वक लगाए जा चुके है। रेलवे में मार्च, २०१६ तक सभी कोचो में बॉयो-टायलेट लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

बॉयो-टैंक स्टेनलेस स्टील का बना होता है। इसकी लंबाई ११५० मि.मी. और चौड़ाई ७२० मि.मी. उचाई ५४० मि.मी. आयतन ४०० लीटर बैक्टीरिया २०० लीटर। इस प्रकार इस टैंक का कुल भार खाली में १६८ किलो एवं भरी अवस्था में ४२५ किलो ग्राम का होता है। एक टैंक की लागत लगभग ७५ हजार रूपये आती है।

बायो-टैंक के सुचारू रूप से कार्य करते रहने के लिए यात्रियों से अनुरोध है कि इस प्रकार के टायलेट में चाय के कप, पानी के बोतल, गुटका पाउच, पॉलीथीन, डायपर इत्यादि इनमें ना डाले। इनके डाले जाने से बॉयों-टायलेट जाम होकर यह सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाता है जिससे ओवर फ्लो होकर गंदगी बाहर आ जाती है।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> -जार्ज इलियट

## इलाहाबाद मंडल में माह फ़रवरी २०१६ में ८७ कर्मचारी हुए सेवा निवृत्त



रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज इलाहाबाद मण्डल में दिनांक २८.०२.२०१६ को मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय स्थित मंडल सभागार में कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर समापन भुगतान समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग कुमार गुप्ता जी ने किया।

इलाहाबाद मंडल में फ़रवरी माह में ८७ कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबन्धक महोदय के कुशल नेतृत्व के फलस्वरूप सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को सेवा माह के अन्तिम दिन ही गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल, मानार्थ पास, मेडिकल कार्ड एवं समापन भुगतान का विवरण दिया जाने लगा है । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक महोदय ने अपने संबोधन में सेवा निवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के कार्यो की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता तथा सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंडल अधिकारी एम के खरे, मंडल वित्त प्रबन्धक एम० एच० अन्सारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इलाहबाद मंडल में दिनांक २८.०२.२०१६ को ८७ कर्मचारियों में से ०२ कर्मचारियों को दुर्घटना रहित सेवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र उनके अंतिम कार्य दिवस पर प्रदान किया गया।

इलाहाबाद मंडल अंतिम कार्य दिवस पर यह पुरस्कार प्रदान करने वाला उत्तर मध्य रेलवे में प्रथम एवं भरतीय रेलवे में अग्रणी मंडल है।


# Malviya Enterprises



**General Order Suppliers of Mechanical Engineering Electricals, Electronics & Stationery Items**

**610, Malviya Nagar, Allahabad**
**Mob: 9839175678**
**Res : 0532-2243619**


## प्रयागराज कुंभ मेला २०१६ गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल



प.सू.का/ नई दिल्ली। प्रयागराज कुंभ मेला २०१६ को तीन क्षेत्रों में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में रखा गया है। इसमें सबसे बड़ी यातायात और भीड़ प्रबंधन योजना, पेंट माई सिटी योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों पर सबसे बड़ी पेंटिंग और सबसे बड़ा स्वच्छता और अपशिष्ट निपटान तंत्र शामिल हैं। इस उद्देश्य से गिनीज वर्ल्ड रिकार्डर्स की तीन सदस्यों वाली एक टीम ने प्रयागराज का दौरा किया। २८ फरवरी से ३ मार्च तक तीन दिनों तक इस टीम के सदस्यों के सामने बड़े पैमाने पर अभ्यास किया गया था। राजमार्ग पर २८ फरवरी को टीम के लिए लगभग ५०३ शटल बसों को सेवा में तैनात किया गया था। १ मार्च को कई लोगों ने चित्रकला अभ्यास में भाग लिया और प्रयागराज कुंभ में सफाई में लगे १० हजार कार्यकर्ताओं ने एक साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया।

## विशाखापत्तनम में नये रेल जोन को मिली मंजूरी

प.सू.का नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्व तटीय रेलवे को पुनर्गठित करके विशाखापत्तनम में नये रेल जोन तथा रायगड़ा को नये रेल मंडल का मुख्यालय बनाने की मंजूरी दी है।

नये रेल जोन की स्थापना से रेल परिचालन का अधिकतम उपयोग होगा और इससे क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी होगी।

सम्पादकीय

# मायने सियासी गठबंधन के

ढाई दशक के कड़वाहट भरे दौर को पीछे छोड़ते हुए आखिरकार समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच गठबंधन हो ही गया। एसपी और बीएसपी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाने का फैसला यह सोचकर किया है कि चुनाव में दोनों पार्टियां एक-दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कर सकें। वहीं ८० लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में ३८-३८ सीटें आपस में बांट लेने का यह समझौता एकबारगी कांग्रेस को पैदल कर देनेवाला मालूम पड़ता है। मायावती का यह कहना है कि पिछले चुनाव में कांग्रेस से मिलकर चुनाव लड़ना समाजवादी पार्टी और बीएसपी, दोनों के लिए फायदे का सौदा नहीं रहा। अगर देखें तो कांग्रेस को भी ऐसे गठबंधनों से कभी कोई फायदा नहीं पहुंचा। यहां पर हकीकत यह है कि एसपी और बीएसपी दोनों पार्टियां मुख्य रूप से सामाजिक समीकरणों की राजनीति करती हैं जबकि कांग्रेस और बीजेपी माहौल बनाकर चुनाव जीतती हैं। कांग्रेस कोशिश करे तो इस स्थिति का इस्तेमाल राष्ट्रीय विपक्षवाली अपनी छवि का फायदा उठाने में कर सकती है। अगर बात बीजेपी की करें तो यूपी में कांग्रेस का इस गठबंधन से बाहर रहना उसकी लड़ाई को आसान नहीं बनाता। लेकिन अगर एसपी-बीएसपी गठबंधन किसी तीसरे मोर्चे का हिस्सा होता तो बीजेपी को इसका स्पष्ट फायदा मिलता सकता था। लेकिन फिलहाल बीजेपी को सबसे बड़ी चुनौती यूपी में एसपी-बीएसपी गठबंधन से ही मिलने वाली लगती है।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# रेलकर्मियों ने भेजी निशक्तजन लोगों को राशन सामग्री

रे.स.ब्यू./संवा.उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मियों ने घर से निष्कासित, निशक्तजन तथा शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिये कार्य कर रही संस्था के लिये राशन सामग्री भेजकर इस पुनीत कार्य में योगदान प्रदान किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अभय शर्मा के अनुसार पल्लव संस्था ''एक उम्मीद'' के तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा राशन सामग्री चावल के कट्टे भेजे गये। चावल, दाल, आटा, चीनी व पोहे आदि सामग्री से युक्त ०२ गाड़ियों को प्रधान कार्यालय में टी. पी. सिंह, महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

महाप्रबन्धक ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्यों में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

# Chennai Division of Southern Railway celebrates 70th Republic Day




RSB/Chennai: Chennai Division of Southern Railway celebrated 70th Republic Day with fanfare on 26.01.2019 at the RPF Parade Ground, Ayanavaram, Chennai. Naveen Gulati, DRM, Chennai Division unfurled the National Flag and accepted the Guard of Honour by the RPF contingents. A colourful cultural event followed. While addressing the gathering, DRM said Chennai Division has achieved total earning of Rs. 2697.53 Cr during April 2018 to December 2018, showing an improvement of 21.78% over last year.Chennai Division has achieved a loading of 10.146 MTs during April to December 2018, showing an improvement of 46% over last year and 15% above the target fixed for the Division. Chennai Central station has been given Green Building Certification by Indian Green Building Council on 15-09-2018. Free Emergency Medical Centres are functioning at Chennai Central, Egmore, Tambaram, Jolarpettai and Katpadi station. State of Art RO plant, sponsored by Rajsthani Association, has been inaugurated at Chennai Central for providing clean and safe drinking water to Rail Passengers of free of cost basis. GM, SR unveiled Hand Held Terminals for TTEs on 31-12-2018 for simplifying on-board ticket cheeking. 1841 special trains have been run during April to December 2018 to clear rush, which is 5.1% over last year.




# जानवरों के रन-ओवर (कटने) पर अंकुश लगाने हेतु मीटिंग का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मंडल द्वारा भारतीय रेलवे का मूल मंत्र संरक्षा, सुरक्षा एवं समय पालन का अक्षरशः पालन करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है, इलाहाबाद मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जिसमे परिचालन क्षमता से अधिक गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है जो एक चुनौती पूर्ण कार्य है। मंडल में संरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह सेफ्टी मीटिंग आयोजित की जाती है। कर्मचारियों को जागरूक एवं सतर्क करने हेतु सेफ्टी ड्राइव चला जाती है, इसी क्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोको पायलटो को सजग एवं सतर्क करने हेतु रात्रि में फुट प्लेट भी किया जाता है साथ ही साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जाता है। मंडल कार्यालय नियंत्रण कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें ट्रैक पर जानवरों के रन ओवर होने की घटनाओं को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया और उपस्थित अधिकारियों से सलाह भी ली गई मीटिंग के दौरान अधिकारियों ने कहा कि रात्रि के समय लोको पायलट द्वारा लोको की हेड लाइट को आन, आफ करके जानवरों को ट्रैक से दूर किया जा सकता है तथा निर्देशित किया गया कि यात्री एवं पैंट्रीकार के कर्मचारी ट्रैक के किनारे खाद्य सामग्री कदापि न फेंके तथा ट्रैक के अगल बगल बिलकुल साफ़ होना चाहिए, यदि ट्रैक के किनारे जानवरों को खाद्य सामग्री नहीं मिलेगी तो जानवर ट्रैक के पास नहीं आयेंगे और रन ओवर की समस्या में कमी आएगी। साथ ही साथ मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गांव-गांव जाकर लोगों को जागरुक करें कि जानवरों को आवारा न छोड़ें। कैटल रन ओवर होने के कारण ग्रामवासियों एवं रेलवे दोनों की आर्थिक क्षति होती है तथा गाड़ियां भी विलंबित होती है।

# मुम्बई-हावड़ा मेल के पैन्ट्रीकार का आकस्मिक निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीएम), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जनवरी, २०१६ को १२८०६ मुम्बई-हावड़ा मेल के पैन्ट्रीकार में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पैन्ट्रीकार में छोटे कप में मानक वजन से कम चाय, खाने में रोटी नही देने एवं पैन्ट्रीकार के अन्दर गंदगी सहित अनेक कमियां पायी गयी। इस निरीक्षण के दौरान आईआरसीटीसी के अधिकारी एवं बिलासपुर के वाणिज्य निरीक्षक भी उपस्थित थे। निरीक्षण में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा प्लेटफार्म नंबर १ पर स्थित जनआहार एवं खानपान स्टालो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा वहां उपलब्ध खानपान सामग्री की गुणवत्ता एवं रखरखाव पर उन्होनें संतोष जाहिर किया। जनआहार में मूर्ति ने जनता खाना की उपलब्धता के बारे में विस्तृत पूछताछ की तथा उन पर लगाए हुए स्टीकरों का भी निरीक्षण किया, पैन्ट्रीकार में रेल यात्रियों को छोटा कप में वजन से कम चाय देने, खाने में रोटी नही होने एवं पैन्ट्रीकार के अन्दर गंदगी सहित अनेक कमियां पायी गयी और १० हजार का जुर्माना किया गया।

# रेल यात्रियों कि सुविधा को डभौरा रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षालय का लोकार्पण




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। रेल यात्रियों की बेहतर सुविधा को इलाहाबाद-मानिकपुर सेक्शन के डभौरा रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण दिनांक १६.०१.२०१६ को सांसद,रीवा, जनार्दन मिश्र के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डभौरा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे अपर मंडल रेल प्रबंधक एनामुल हक ने इलाहाबाद मंडल द्वारा डभौरा रेलवे स्टेशन पर किये गए कार्यों के बारे में बताया और कहा कि यात्रियों कि सुविधा हेतु डभौरा रेलवे स्टेशन पर लगभग रु २५ लाख की लागत से १५ मीटर लंबा एवं १० मीटर चौड़ा प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है, जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग अलग प्रसाधन की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा,वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता/कार्य सौरभ श्रीवास्तव, मंडल अभियंता अवनीश सोनू, मंडल परिचालन प्रबंधक आकांशु गोविल और रेलवे के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से मरीजों को उपहार

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर । गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में आयोजित कार्यकम में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती कौमुदी त्रिवेदी, द्वारा १३० भर्ती मरीजों को उपहार स्वरूप थर्मस फ्लास्क दिया गया। इसके साथ ही, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना को मरीजों के उपयोग हेतु एक एल. ई.डी टी.वी, माइक्रोवेव ओवेन, हीटर एवं अन्य उपयोगी सामान भी दिये गये। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती कौमुदी त्रिवेदी के साथ संगठन की सचिव श्रीमती रचना सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता वर्मा, संयुक्त सचिव श्रीमती रेणू कुमार, श्रीमती आशा तिवारी, श्रीमती सुरेन्द्र कौर, श्रीमती प्रतिमा घोष उपस्थित थीं।

# केन्द्रीय अस्पताल पूर्व मध्य रेलवे मे मनाया गया १०वाँ स्थापना दिवस




रे.स.ब्यू./संवा. हाजीपुर। केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना द्वारा दिनांक २२ जनवरी, २०१६ को १०वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक सत्र का आयोजन भी किया गया। कार्यकम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एल.सी. त्रिवेदी, ने किया। मुख्य चिकित्सा निदेशक, डा० श्रीमती मोनिका सिंह सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर महाप्रबंधक एल.सी. त्रिवेदी ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि आधुनिकतम तकनीक से युक्त इस अस्पताल द्वारा रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। महाप्रबंधक ने इस अस्पताल द्वारा मरीजों को बेहतर इलाज सुविधा उपलबध कराने के लिये डाक्टरों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने अस्पताल में पी.जी. कोर्स कार्यकम में पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक, विद्या भूषण एवं अन्य वरिष्ठ उच्चाधिकारीगण, यूनियम के पदाधिकारीगण, अस्पताल के चिकित्सकगण तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित थे।

# राम मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़े सरकार -सुरेश भैयाजी जोशी



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। संघ के सर कार्यवाह सुरेश भइया जोशी ने दिव्य प्रेम सेवा मिशन के मंच से संकेत दे दिया है कि अब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण केंद्र सरकार के अध्यादेश के बगैर संभव नहीं है। गुरुवार दिनांक १७.०१.२०१६ को कुम्भ नगरी में मिशन के शिविर में कुंभ पर आयोजित व्याख्यान माला के अवसर पर सर कार्यवाह ने कहा कि मंदिर की भूमि पर किसी मस्जिद का ढांचा होने की बात कही जाती है, लेकिन वह इस बात को बिल्कुल मानने को तैयार नहीं है। सुरेश जोशी ने कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद देश का वैभव और बढ़ेगा। उन्होने कहा कि कुंभ हमेशा से ही देश और दुनिया में सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन का साक्षी रहा है। इस अवसर पर उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज ने कहा कि कुंभ अमरता का पर्व है। यही से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर जयघोष किया जाना चाहिए। वहीं राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के एन सिंह ने कहा कि कुंभ एक रिफ्रेसर कोर्स की तरह है। जहां आकर नया अनुभव प्राप्त होता है। इस अवसर पर संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, नरेंद्र शर्मा, अनामिका चौधरी, राघवेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मोरारी बापू ने किया मूल अक्षयवट का दर्शन

रे.स.ब्यू./सू.प्रयागराज। प्रख्यात संत मोरारी बापू ने दिव्य कुंभ की छटा देखने के बाद मूल अक्षयवट का दर्शन किया। उन्होने कहा कि धर्म-संस्कृति का यह अद्वितीय समागम विश्व के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने संगम की रेती पर संतों-भक्तों के शिविरों में शुरू यज्ञ-भजन की परंपरा को हर किसी के लिए प्रेरक बताया। मोरारी बापू ने कहा कि यह कुंभ विश्व समुदाय के लिए अद्वितीय है। ऐसी मनोरम छटा के दर्शन कर कोई भी प्रफुल्लित हो उठेगा।

# प्रयागराज कुंभ में धूम धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रयागराज कुंभ में पूर्ण उत्साह और देशभक्ति के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा, संतों ने भी गणतंत्र दिवस मनाने के लिए अपने शिविरों में तिरंगा फहराया। प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सेक्टर१४ में बाबा बालकेश्वर नाथ द्वारा एक शिविर लगाया गया। इसी प्रकार, अटल अखाड़े के संतों और साधकों ने भी अपने अखाड़े में तिरंगे को फहराया। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईएएस विजय किरण आनंद ने प्राधिकरण कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# रेलवे के कार्य प्रणाली को गति देने हेतु अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने की समीक्षा बैठक




रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष २०१८-२०१६ के दौरान उत्तर रेलवे के संरक्षा निष्पादन का मूल्यांकन करते हुए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, वी.के. यादव ने दिनांक २२.०१.२०१६ को उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, में क्षेत्रीय रेलवे के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य, यातायात, गिरीश पिल्लई, उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, टी.पी.सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष और उत्तर रेलवे के पाँचों मंडलों अर्थात् अम्बाला, दिल्ली, मुरादाबाद, लखनऊ और फ़िरोजपुर के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। अध्यक्ष ने उत्तर रेलवे द्वारा अपने क्षेत्राधिकार से मानवरहित रेल फाटकों को पूरी तरह से समाप्त करने,जोकि "मिशन ज़ीरो एक्सीडेंट" का एक अंश है, पर संतोष जताया। अध्यक्ष ने नई रेल लाइन, दोहरीकरण जैसी क्षमता विस्तार परियोजनाओं को शीघ्रता से निपटाने और परिचालन (समयपालन) संरक्षा के दो उद्देश्यों को विस्तार देने पर भी बल दिया। आधुनिक सिगनलिंग प्रणाली पर बल देते हुए वी.के. यादव ने कहा कि कुछ व्यस्तम रेल मार्गों पर लगभग २८७.६६ करोड़ रूपये की लागत से ऑटोमैटिक ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली लगाये जायेगी। इससे समयपालन बद्धता बेहतर होगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक द्वारा अध्यक्ष को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्त हुई।

# पीयूष गोयल ने भारतीय रेल के एक नए मंडल 'दक्षिण तटीय रेलवे' के गठन की घोषणा की



प.सू.का/ नई दिल्ली आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम २०१४ की अनुसूची १३ (बुनियादी ढांची) की मद संख्या ८ के अनुसार भारतीय रेलवे बोर्ड से उत्तराधिकारी राज्य आंध्र प्रदेश में एक नए रेल मंडल की स्थापना की जांच पड़ताल करना अपेक्षित था। इस मामले में हितधारकों के साथ परामर्श करके विस्तृत जांच पड़ताल की गई और विशाखापत्तनम में मुख्यालय वाले नए मंडल का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। नए मंडल का नाम दक्षिण तटीय रेलवे (एससीओआर) रखा गया है। इसमें मौजूदा गुंतकल, गुंटूर और विजयवाड़ा डिवीजन शामिल होंगे। वाल्टेयर डिवीजन को दो भागों में बाटा जाएगा। वाल्टेयर डिवीजन के एक हिस्से को नए मंडल यानि दक्षिण तटीय रेलवे में शामिल करके पड़ोसी विजयवाड़ा डिवीजन में मिला लिया जाएगा। वाल्टेयर डिवीजन के बाकी हिस्से को एक नए डिवीजन में परिवर्तित कर दिया जाएगा। इसका मुख्यालय पूर्व तटीय रेलवे के अधीन रायगडा में होगा। दक्षिण मध्य रेलवे में हैदराबाद, सिकंद्राबाद और नान्देड़ डिवीजन शामिल होंगे।

# शादी समारोह में हॉस्टल के छात्रों का बवाल

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सलोरी में आयोजित शादी समारोह में शुक्रवार दिनांक २५.०१.२०१६ कि रात जमकर बवाल कटा। बिन बुलाए घुसे एक छात्र को पीटे जाने के बाद हॉस्टलरों ने जमकर उपद्रव किया। आधा दर्जन वाहन व अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिए। सूचना मिलने पर कई थानों की फोर्स और करीब एक दर्जन डायल १०० की गाड़ियां पहुंचीं और छात्रों को खदेड़ा तब जाकर स्थिति काबू में आई।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। हमें आपके पत्रों का इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# GM, SCR Inspects Secunderabad, Hyderabad Railway Stations




RSB/Secunderabad:Gajanan Mallya, General Manager, SCR conducted extensive inspection of Secu-nderabad, Hyderabad and Kacheguda Railway Stations on 10th February, 2018 to review the passenger amenities and facilities provided. He was accompanied by Anand Bhatia, Divisional Railway Manager, Secunderabad Division and Officials during inspection of Secunderabad and Hyderabad Railway Stations and Shri Arun Kumar Jain, Divisional Railway Manager, Hyderabad Division at Kacheguda Railway Station along with Officials. Commencing the inspection, General Manager inspected various passenger amenities available at Secunderabad Railway Station and discussed with officials on developmental plans. He was briefed in detail regarding modern mechanized cleaning equipments being put to in use to upkeep the station neat and clean. He extensively checked maintenance of cleanliness in station premises and Security arrangements by Railway Protection Force (RPF) personnel. The GM inspected inward and outward parcel offices, crew lobby, running room and enquired on facilities provided. At Hyderabad Railway Station, GM inspected circulating area, waiting halls and passenger facilities. He also conducted a detailed inspection of the Godavari Express Train rake which has been upgraded with modern facilities under "Project Utkrisht". Later, the General Manager inspected Kacheguda Railway Station. During his inspection the General Manager checked the passenger facilities provided at the station. Divisional Railway Manager detailed on proposed platform extension works, General Manager also visited Rail Heritage Museum, Mobile Digital Theatre, Fresh up facility. He inspected the circulating area and discussed about further developmental plans of Kacheguda station with Divisional Railway Manager.

जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक होता है, वह धर्म नहीं कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है जो किसी धर्म का विरोधी न हो।

# कलम के धनी रेलकर्मियों एवं लेखकों से अपील


आपकी उत्कृष्ट रचनाओं का रेल समाचार ब्यूरो में स्वागत है। रेलों के सतरंगी कार्यक्षेत्र में जीवन के सभी पहलुओं के न जाने कितने रंग उभरते हैं, अपनी लेखनी उठाइए और उन्हें कागज पर प्रस्तुत कर डालिए।आपके कार्यक्षेत्र में न जाने कितना रोचक, लोमहर्षक एवं प्रशंसनीय भी घटित हुआ हो सकता है, ऐसे प्रसंग हमें भेजिए, हम उन्हें सहर्ष प्रकाश्ति करना चाहेंगे। क्षेत्रीय रेलों, कारखानों, संस्थानों एवं मंडलों के उल्लेखनीय कार्यकलापों को भी हम प्रकाशित करना चाहेंगे। कृपया कार्यालय प्रमुख उपयुक्त फोटो सहित सामग्री प्रकाशित करने के लिए समय से रचनाएं भिजवाएं। विशेष आलेखों के साथ लेखक अपना संक्षिप्त परिचय भी भेजें।अपनी रचनाओं की मूल प्रति ही भेजें। प्रतिलिपि या अपठनीय रचनाएं स्वीकार्य नहीं होंगी।पत्रिका को और बेहतर बनाने के लिए लेखकों और पाठकों के पत्रों एवं सुझावों का स्वागत है।

# प्रदेश को ठगने वाला है सपा-बसपा गठबंधन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज आए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सपा और बसपा के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दोनों पार्टियों को मिलकर चुनाव लड़ने को प्रदेश को ठगने वाला बंधन बताया। शनिवार दिनांक ०६.०२.२०१६ को सर्किट हाउस में संवाददाताओं से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पर आधारित पार्टी है। जिसमें जीताजागता लोकतंत्र है। वहीं दूसरी पार्टियां परिवारवाद जातिवाद एवं स्वार्थ पर आधारित हैं।

उन्होंने मोदी सरकार की सराहना की। केंद्र और राज्य सरकार की तमाम उपलब्धियों को भी उन्होंने गिनवाया। कुंभ के इंतजाम को भी उन्होंने बेहतर बताया।

# कैंसर का आधुनिक उपचार सभी के लिए हो किफायती और सुगमः उपराष्ट्रपति




प.सू.का/नई दिल्ली। चेन्नई में अपोलो के अत्याधुनिक प्रोटोन कैंसर सेंटर में उपराष्ट्रपति एम वैंकया नायडू ने कहा है कि कैंसर के आधुनिक उपचार की सुविधा सबके लिए किफायती और सुगम बनाई जानी चाहिए और इसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नायडू ने प्रोटोन थेरेपी सेंटर आरंभ करने के लिए अपोलो अस्पतालों की सराहना की, जो ट्यूमरों को समाप्त करने के लिए हाई एनर्जी प्रोटोन का उपयोग करते हैं। उपराष्ट्रपति ने चिंता जताई कि कैंसर ने १९९० की तुलना में २०१६ में दोगुने से भी अधिक लोगों की जान ले ली। उन्होंने आरंभ में इसका पता लगाने को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत तथा व्यापक शैक्षणिक अभियानों एवं जांच कार्यक्रमों के जरिए शुरू में ही इसका पता लगाने की संभावना बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडापड्डी के. पलानीस्वामी, तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेलवम, परमाणु उर्जा नियामक बोर्ड के अध्यलक्ष जी. नागेश्वुर राव, अपोलो हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष सी. प्रताप रेड्डी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# Chandrima Roy takes over as SDGM & CVO, SCR



RSB/Secundrabad: Ms. Chandrima Roy has taken charge as Senior Deputy General Manager and Chief Vigilance Officer, South Central Railway on 21st January, 2019. She belongs to 1991 batch of Indian Railway Traffic Service (IRTS). Prior to the new assignment, she was serving as Senior Deputy General Manager & Chief Vigilance Officer, SER. Ms. Chandrima Roy commenced her career on Indian Railways as Assistant Operations Manager, Dhanbad Division of Eastern Railway and as Divisional Operations Manager, Delhi Division, Northern Railway before joining the Centre for Railway Information Systems (CRIS) as Regional Manager at Secunderabad and Mumbai on deputation. She has also worked in various capacities on SCR as Sr. DCM, Secunderabad Division; Dy.CCM, Chief Public Relations Officer and as Additional Divisional Railway Manager (Operations), Secunderabad Division. She also worked as Chief Passenger Transportation Manager, Eastern Railway. Her illustrious career included posting as Railway Advisor, High Commission of India, Dhaka, Bangladesh on deputation, which she held between 2010 – 2014.

# क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ६२वीं बैठक सम्पन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय में क्षेत्रीय रेल राजभाषा की ६२वीं बैठक एल. सी. त्रिवेदी, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दिनांक १८.०१.२०१६ के इस बैठक को संबोधित करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि राजभाषा विभाग प्रशंसनीय कार्य कर रहा है और इसके लिए मैं राजभाषा विभाग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देता हूँ। इस अवसर पर उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की कार्यसूची का विमोचन किया। इसके अलावा परिचालन विभाग को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया एवं साथ ही रेलवे बोर्ड एवं क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कृत अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।अशोक कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मनाया गया ७०वाँ गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७०वां गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा व पारंपरिक रूप से २६ जनवरी २०१६ को मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुनील सिंह सोइन, महाप्रबंधक, द.पू.म. रेलवे उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने रेलवे के आर.पी.एफ. के जवानों, सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं, सेन्ट जॉन्स एम्बुलेंस, एन.सी.सी. एवं स्काउट एण्ड़ गाईड द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस अवसर सुनील सिंह सोइन ने उपस्थित लोगो को ७०वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस समारोह में बच्चों के लिए फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक ड्रिल, पी.टी. एवं अन्य देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# कुंभ की दिव्यता देखने पहुंचे अखिलेश

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इन दिनों प्रयागराज में चल रहे भव्य कुम्भ की दिव्यता देखने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार दिनांक २७.०१. २०१६ को कुम्भ मेले में पहुंचे। जहां उन्होने निरंजनी अखाड़ा में आनंद गिरी से मुलाकात की और प्रसाद भी ग्रहण किया व साधु-संतों से मुलाकात की। अपने दौरे में अखिलेश ने योगी सरकार से अपील किया कि अक्षयवट किला और सरस्वती कूप को कुंभ में दान किया जाए।उन्होंने कहा कि कुंभ और संगम तभी सफल होगा, जब युवाओं को नौकरी और किसान सुखी रहेंगे।



बता दें कि, अखिलेश यादव मेले में करीब तीन घंटे रहे। वहीं २६ जनवरी शनिवार को उन्होने लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में झंडारोहण किया। इसके बाद उन्होंने प्रियंका गांधी को महासचिव बनाने के फैसले की सराहना की।

# SOUTH WESTERN RAILWAY BAGS 56th ALL INDIA RAILWAY CHAMPIONSHIP OF TRACK CYCLING

RSB/Hubballi: South Western Railway cycling team bagged the 56th All India Railway Championship of Track Cycling held at the Osmania University Cycling Velodrome, Hyderabad. In the finals played on 10th January, 2019 South Western Railway has bagged the Gold Medal. North Western Railway bagged the Silver Medal and South Central Railway bagged the Bronze Medal. This Championship has been organized by South Central Railway Sports Association, Secunderabad. John Thomas, AGM, South Central Railway presented the winners championship to South Western Railway. Total Nine teams representing various Zonal Railways participated in the tournament held from 08th to 10th January, 2019. Raju Bhati, Ticket Examiner/ Hubballi, J.K Aswin, Ticket Examiner/ Hubballi, Sandesh Uppar, Ticket Examiner/Bagalkot, Ganesh Pawan, Ticket Examiner/ Bagalkot, Aswin Patil, Ticket Examiner/Vijayapura,Anil Manglaw,Ticket Examiner/ Vijayapura, Mallappa M, Ticket Examiner/Bagalkot, Basappa M.T, Pointsman / Vijayapura were the members of cycling team from SWR that won the championship.

# गतिमान एक्सप्रेस की चपेट में आया जवान, गई जान

रे.स.ब्यू./सूत्र. मथुरा में आरपीएफ के एक जवान कि जल्दबाजी मौत का कारण बन गई, जिससे वह गतिमान एक्सप्रेस की चपेट में आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। राजस्थान के भरतपुर जनपद में थाना डीग के गांव मधुबना निवासी ३६ वर्षीय राजेश कुमार पुत्र नानक चंद आरपीएफ में सिपाही था, और कोटा आरपीएफ थाना की रामगंज मंडी चौकी पर तैनात था। सूत्रों ने बताया कि छाता-बरसाना रोड पर फाटक बंद होने के बावजूद राजेश बाइक को झुकाकर लाइन पार कर रहा था, इसी दौरान आगरा की ओर से गतिमान एक्सप्रेस आ गईऔर पलक झपकते ही राजेश के परखच्चे उड़ गए। ट्रेन के गार्ड ने छाता स्टेशन पर सूचना दी है।

# महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर महाप्रबन्धक राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में रेल परियोजनाओं की कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन २८ जनवरी, २०१६ को गोरखपुर में आयोजित की गई। बैठक में अपर महाप्रबन्धक आनन्द प्रकाश, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ मंडल के अपर मंडल रेल प्रबन्धक तथा वरिष्ठ मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये महाप्रबन्धक राजीव अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष २०१८-१६ में आबंटित बजट के अनुरूप निर्माण परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय पर पूरा कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं के वे सभी कार्य अन्तिम चरण में है उसे ३१ मार्च, २०१६ से पूर्व पूरा कर लें। महाप्रबन्धक ने कहा कि संरक्षा एवं यात्री सुविधा से जुड़े कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने समपारों पर भूतपूर्व सैनिकों की गेट मित्र के रूप में तैनाती तथा स्वीकृत सीमित ऊँचाई के सब-वे के निर्माण में तेजी लाने हेतु दिशा-निर्देश दिया। महाप्रबन्धक ने निर्माण कार्यो का



मदवार समीक्षा करते हुये कहा कि विभिन्न मदों में आवंटित धनराशि के अनुरूप कार्य में प्रगति करें। विशेष रूप में आमान परिवर्तन, दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य तय समय सीमा के अन्दर सम्पन्न करायें। तीनों मंडलों के मंडल रेल प्रबन्धकों ने अपने-अपने मंडलों में निर्माण परियोजनाओं में हुई प्रगति से महाप्रबन्धक को अवगत कराया तथा कार्य के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु महा- प्रबन्धक का दिशा-निर्देश प्राप्त किया। संजय मिश्र मुख्य प्लानिंग एवं डिजाइन इंजीनियर ने बैठक का संचालन करते हुये रेल परियोजनाओं पर मदवार धन की उपलब्धता तथा कार्य में हुई प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# तकनीकी वस्त्र क्षेत्र को प्रमुखता से बढ़ाएगी सरकारः स्मृति जुबिन ईरानी



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने मुंबई में तकनीकी वस्त्रों के बारे में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि वस्त्र मंत्रालय के तत्वावधान में भारत के इतिहास में पहली बार, हमने तकनीकी वस्त्रों के लिए २०७ एचएसएन कोड राष्ट्र को समर्पित किए हैं। मैं इसे न केवल तकनीकी वस्त्रों की संभावना शुरु करने के समारोह के रूप में देखती हूं, बल्कि एक ऐसे उद्योग के रूप में देख रही हूं, जो हमारे जीवन से लेकर हमारी आधुनिकता को प्रभावित करती है। इस अकेले फैसले से ही २०२०-२१ तक इस क्षेत्र में हमारे बाजार का आकार बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। उद्योग के लिए महत्वपूर्ण एचएसएन कोड की अधिसूचना को मील का पत्थर बताते हुए स्मृति ईरानी ने इस पहल में सरकार को दिशा दिखाने और प्रेरित करने के लिए उद्योग को धन्यवाद दिया।

स्मृति ईरानी ने कहा कि तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में नौकरियां देने की संभावना काफी है। प्रत्येक एक करोड़ निवेश से ७० नौकरियां सृजित होती हैं। उन्होंने कहा कि इससे अनुसंधान शिक्षा और सुविधाओं जैसे परीक्षण प्रयोगशालाओं जैसे क्षेत्रों में वृद्धि होगी।

## गज़ल

- मुजाहित ''लालटेन''

पहले के जैसी उनमें  
मुहब्बत नहीं रही।  
आखों में है चमक पर  
मुरर्वत नहीं रही।।  
शब्दों से अब तो वो,  
प्रहार लगे करने।  
उनमें तो अब सुगंध  
शराफत नहीं रही।।  
कुछ था तो कुछ थे  
अब तो कुछ नहीं है पास।  
तब ही तो मेरे घर में  
मेरी इज्जत नहीं रही।।  
घृणा के पौधे उगने का  
ये तो असर रहा।  
मुहब्बत नहीं रही तो भी  
नफरत नहीं रही।।  
संस्कार का भवन है  
ढहने को ''लालटेन''।  
उसमें की एक अंट भी  
सलामत नहीं रही।।

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक

# कॉफमो' ने किया वर्ष २०१८ में सर्वश्रेष्ठ कार्य

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल कार्यशालाओं के आधुनिकीकरण के संगठन 'कॉफमो' ने वर्ष २०१८ में सर्वश्रेष्ठ कामकाज किया। यह संगठन आधुनिक और उन्नत मशीनी उपकरणों की खरीद के लिए एक उत्कृष्ट केन्द्र है, और रेल डिब्बों और इंजनों के रखरखाव तथा निर्माण सुविधाओं को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस इकाई ने १५ जनवरी, २०१६ तक वर्ष २०१८-१६ के दौरान १०५०.८५ करोड़ रुपए का कामकाज किया। आधुनिक मशीनों की खरीद और समय पर काम को पूरा करने में पिछली तिमाही के दौरान बहुत इजाफा हुआ। जिससे भारतीय रेल को डिब्बों, इंजनों और पटरियों के निर्माण को आधुनिक बनाने तथा बुनियादी ढांचे के रखरखाव को

## मीडिया का बदला आयाम

भारत ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के लिए सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है जहां पर लोग अपने विचार व्यक्त करके लाखों लोगों तक अपनी बात आसानी से पहुंचा रहे हैं। आगामी वर्षों में यह और भी बड़ा मंच बनेगा। जो देश-विदेश की आर्थिक व सामाजिक संरचना को प्रभावित करेगा। हमारे देश में सोशल मीडिया को लेकर दो बातें की जाती हैं। पहला ये कि एक तबका इसके जरिए सामाजिक बदलाव को लेकर उत्साहित है। वहीं दूसरा वर्ग इसी सीमाओं की ओर ध्यान दिलाता है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे व्यापक परिवर्तन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सोशल मीडिया अपने शुरुआती स्वरूप से बाहर निकलकर नया रूप ले रहा


# Harsha Anushree Enterprises

## Deals



Railway and General order supplier of Electronics, Chemicals, Chemical components & Chemical mixtures, Hardware, Mill stores, All type

Stationery Items, Telephones & Telecommunications.



Regd. office : 111-F (1169/3C), Muttiganj, Gaughat, Allahabad 211003 (U.P.)
Liason/Works office : 9/9/3D. Kamla Nehru Road, Civil lines, Allahabad 211001 (U.P.)
Ph.No. 09795071180, 09044000376
E-mail: rkguptababbloo@gmail.com

# Heartline

**Heartline Cardiac Care Centre**
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad

**For Appointments : 8726209111**

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

## हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध


## नई दिल्ली-प्रयागघाट के बीच कुम्भ स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन (कुल ०२ फेरे)

रे.स.ब्यू/संवा नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने नई दिल्ली-प्रयागघाट के बीच कुम्भ स्पेशल रेलगाड़ी संख्या ०४४२६/०४४२५ का संचालन निम्नानुसार करने का निर्णय किया है :-

०४४२६ नई दिल्ली-प्रयागघाट कुम्भ स्पेशल रेलगाड़ी दिनांक ०३.०३.२०१६ को (०१ फेरा) नई दिल्ली से रात्रि ०८.५० बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह ०८.२५ प्रयागघाट पहुँचेगी। वापसी दिशा में ०४४२५ प्रयागघाट-नई दिल्ली कुम्भ स्पेशल रेलगाड़ी दिनांक ०४.०३.२०१६ को (०१ फेरा) प्रयागघाट से रात्रि ०८.०० बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह १०.०० बजे नई दिल्ली पहुँचेगी ।

छः वातानुकूलित ३ टीयर, दस शयनयान श्रेणी, चार सामान्य श्रेणी और दो विक्लांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी कम सामानयान श्रेणी के डिब्बों वाली ०४४२६/०४४२५ नई दिल्ली-प्रयागघाट नई दिल्ली कुम्भ स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में गाजियाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, फतेहपुर और इलाहाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी ।




**रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त मेला शुल्क नहीं लगाने का निर्णय लिया गया है।**

कुम्भ मेला 2019 के अवसर पर दिनांक 6 मार्च 2019 तक यात्रियों की सुविधा हेतु समय सारिणीकृत मेला स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, जिनका विवरण निम्नवत् है :

**स्नान पर्व | 4 मार्च 2019 महाशिवरात्रि**

| क्र. सं. | मेला स्पेशल गाड़ी नं. | कहाँ से | प्रस्थान समय | कहाँ तक | पहुँचने का समय | प्रारंभिक स्टेशन से मेला विशेष रेलगाड़ियों की चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **इलाहाबाद जं. से कानपुर दिशा की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 1 | 00101 | इलाहाबाद | 0500 | फतेहपुर | 0710 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 2 | 00102 | इलाहाबाद | 0630 | कानपुर | 1130 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 3 | 00103 | इलाहाबाद | 1015 | फतेहपुर | 1220 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 4 | 00104 | इलाहाबाद | 1645 | कानपुर | 2130 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| **इलाहाबाद जं. से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं./चोपन की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 5 | 00201 | इलाहाबाद | 0730 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 1300 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 6 | 00202 | इलाहाबाद | 1200 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 1600 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 7 | 00203 | इलाहाबाद | 1500 | चोपन | 2310 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 8 | 00204 | इलाहाबाद | 1830 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 2300 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| **इलाहाबाद जं. से सतना/बांदा/झाँसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 9 | 00301 | इलाहाबाद | 0830 | झाँसी | 2130 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 10 | 00302 | इलाहाबाद | 1130 | सतना | 1730 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 11 | 00304 | इलाहाबाद | 1430 | बांदा (सर्कुलर सेवा-इलाहाबाद-मानिकपुर-बांदा-कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर-इलाहाबाद) | बांदा में आगमन समय 2100 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| **नैनी से सतना/झाँसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 12 | 00303 | नैनी | 1330 | सतना | 1930 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 13 | 00306 | नैनी | 1800 | झांसी | 0430 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| **इलाहाबाद छिवकी से झाँसी/इटारसी की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 14 | 00305 | इलाहाबाद छिवकी | 1600 | झॉसी | 0300 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| 15 | 00307 | इलाहाबाद छिवकी | 1930 | इटारसी | 1530 | 04.03.2019, 05.03.2019 एवं 06.03.2019 |
| **इलाहाबाद सिटी से मंडुआडीह की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 16 | 08004 | झूँसी | 0930 | मन्डुआडीह | 1300 | 04.03.2019 |
| 17 | 08008 | इलाहाबाद सिटी | 1645 | मन्डुआडीह | 2105 | 04.03.2019 एवं 05.03.2019 |
| 18 | 08010 | झूँसी | 2115 | मन्डुआडीह | 0200 | 04.03.2019 |
| **प्रयाग से लखनऊ/फैजाबाद/अयोध्या/जौनपुर की ओर चलने वाली स्पेशल ट्रेन** | | | | | | |
| 19 | 04249 | प्रयाग | 2045 | लखनऊ | 0350 | 04.03.2019 |
| 20 | 04233 | प्रयाग | 1320 | फैजाबाद | 2100 | 04.03.2019 एवं 05.03.2019 |
| 21 | 04235 | प्रयाग | 1940 | फैजाबाद | 0210 | 04.03.2019 |
| 22 | 04221 | प्रयाग | 0935 | अयोध्या | 1740 | 04.03.2019 |
| 23 | 04225 | प्रयाग | 2330 | अयोध्या | 0700 | 04.03.2019 |
| 24 | 04213 | प्रयाग | 1715 | जौनपुर | 2140 | 04.03.2019 |

नोटः उपरोक्त समय सारिणीकृत मेला स्पेशल रेलगाड़ियों के अलावा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मेला स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया जाएगा।

**ध्यान दें!**
वाराणसी, फैजाबाद, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, बस्ती की ओर जाने वाली मेला स्पेशल रेल गाड़ियां उत्तर रेलवे के प्रयाग स्टेशन से चलायी जायेगी।
मंडुआडीह, वाराणसी की ओर जाने वाली मेला स्पेशल रेल गाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के इलाहाबाद सिटी (रामबाग) एवं झूंसी स्टेशन से चलायी जायेगी।

**उत्तर मध्य रेलवे**
@CPRONCR North central railways
चलो कुम्भ चलो


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।**

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

**प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव**
मो६७६३६५६०४४

संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan, Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*